# कृषि उपज विपणन समिति सोलन हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का
# अंकेक्षण एंव निरीक्षण प्रतिवेदन
# अवधि 01.04.2018 से 31.03.2019

## भाग-I

1. **प्रारम्भिक:-**

(क) हिमाचल प्रदेश कृषि एंव उद्यानिकी उपज (विकास एंव विनियम) अधिनियम, 2005 की धारा 48(2) के दृष्टिगत कृषि उपज मण्डी समिति सोलन जिला सोलन हिमाचल प्रदेश के अवधि 01.04.2018 से 31.03.2019 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा किया गया|

(ख) **अंकेक्षण अवधि के दौरान मण्डी समिति सोलन में अध्यक्ष तथा सचिव के पद पर कार्यरत रहे पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है:-**

| नं | पदाधिकारी का नाम | पद | कार्यकाल |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री विनोद कुमार {भ०प्र०से०} | अध्यक्ष | 24.02.2018 से 12.07.2018 |
| 2 | श्री संजीव कश्यप | अध्यक्ष | 13.07.2018 से 31.03.2019 |
| 3 | श्री प्रकाश कश्यप | सचिव | 04.05.2016 से 31.03.2019 |

(ग) **गम्भीर अनियमितताओं का सार:-**

कृषि उपज विपणन समिति सोलन, हिमाचल प्रदेश के अवधि 01.04.2018 से 31.03.2019 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित अंकेक्षण पैरों की गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्रम संख्यां | विवरण | पैरा संख्यां | राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | वितीय स्थिति व् बैंक शेष में अन्तर | 4(ख) | 79.63 |
| 2. | सावधि जमा की परिपक्कता पर ब्याज की हानि | 4(ग)(i) | 1.12 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | सावधि जमा की परिपक्वता कम प्रदान करना | 4(ग)(ii) | 1.10 |
| 4. | अकुशल वितीय प्रबन्धन के कारण ब्याज की हानि | 4(ग)(iii) | 4.99 |
| 5. | मण्डी समिति की निधि को निजी बैंकों में निवेश करना | 4(ग)(v) | 13.60 |
| 6. | राशी को चालु खाते में रखने के कारण मण्डी समित को ब्याज के रूप में हो रही निरन्तर हानि | 4(ग)(vii) | 0.60 |
| 7. | पट्टे पर दी गई दुकानों बकाया राशि की वसूली न करना | 5 | 9.26 |
| 8. | दुकानों से किराये की वसूली हेतु शेष राशी | 6(क) | 31.78 |
| 9. | अग्रिम की राशि समायोजन हेतु शेष | 8(क) | 6.06 |
| 10. | निक्षेप कार्यों के लिए जमा राशी की सूची तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना | 8(ख) | 509.50 |
| 11. | मण्डी शुल्क की कम वसूली करना | 10 | 0.42 |
| 12. | सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना कर्मचारियों को आउटसोर्स के आधार पर कार्य पर रखना | 16 | 1.14 |
| 13. | बिना बजट प्रावधान के किया गया अनियमित व्यय | 19 & 20 | 33.06 |

**(घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन:-**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही की समीक्षा के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति संलग्न **"परिशिष्ट–"क"** पर दर्शायी गई है| गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में वसूली से सम्बन्धित अनेक आपत्तियां शामिल है जिन पर शीघ्र कार्यवाही करके वसूली करने के अतिरिक्त अन्य पैरों का भी निपटारा करवाया जाए|

## भाग-II

**2 वर्तमान अंकेक्षण:-**

कृषि उपज विपणन समिति सोलन, हिमाचल प्रदेश के अवधि 01.04.2018 से 31.03.2019 के लेखाओं का अंकेक्षण श्रीमती ममता रावल तथा श्री राकेश कुमार अनुभाग अधिकारी द्वारा पूर्वकिंक्षण प्रणाली के आधार पर किया गया था|

**3 अंकेक्षण शुल्क:-**

निवासी अंकेक्षण योजना मण्डी समिति सोलन में कार्यरत अनुभाग अधिकारी तथा लेखा परीक्षक का वितीय वर्ष 2018-19 का अंकेक्षण शुल्क **₹7,64,876/-** आँका गया जिसे मण्डी समिति द्वारा चेक संख्या: 249252 दिनांक 19.08.2019 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-171009 को प्रेषित कर दिया गया है|

**4 वितीय स्थिति:-**

(क) मण्डी समिति सोलन द्वारा **परिशिष्ट-"ख"** पर प्रस्तुत मण्डी समिति की वर्ष 2018-19 की वितीय स्थिति निम्न प्रकार से है;

दिनांक 01.04.2018 को आरम्भिक शेष:-

| | |
|---|---|
| रोकड़ बही तथा बैंक शेष | 38,03,31,834.59 |
| अस्वीकृत चैक | 16,87,197.00 |
| **कुल योग** | **38,20,19,031.59** |
| वर्ष के दौरान कुल प्राप्तियां | 10,40,27,875.89 |
| **कुल योग** | **48,60,46,907.48** |
| वर्ष के दौरान कुल भुगतान | 5,29,43,847.00 |
| **दिनांक 31.03.2019 को अन्तिम शेष** | **43,31,03,060.48** |
| अस्वीकृत चैक | 16,87,197.00 |
| **रोकड़ बही तथा बैंक शेष** | 43,14,15,863.48 |
| **योग** | **48,60,46,907.48** |

**दिनांक 31.03.2019 को रोकड़ तथा बैंक के अन्तिम शेष का विस्तृत ब्यौरा:-**

| क्र.सं. | विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | विभिन्न बैंकों के बचत तथा चालु खातों में जमा राशि (परिशिष्ट-"ख" के अनुसार) | 10,26,96,227.95 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | सावधि जमा में निवेश राशि **(परिशिष्ट-"ग" के अनुसार)** | 25,16,72,839.00 |
| 3 | दिनांक 31.03.2019 को हस्तगत शेष राशि | 2400.00 |
| | **कुल योग:-** | **35,43,71,466.95** |

**(ख) बैंक समाधान विवरणी:-**

मण्डी समिति सोलन द्वारा नियमानुसार बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की जा रही है जबकि दिनांक 31.03.2019 को मण्डी समिति की वितीय स्थिति (आय व्यय विवरणी) के अनुसार अन्तिम शेष व् बैंक खातों (बचत खातों तथा सावधि जमा) के अन्तिम शेष में **₹79,63,339.47** **{परिशिष्ट-घ}** का अन्तर पाया गया | अतः बैंक शेष तथा रोकड़ बही/आय व्यय विवरणी के अन्तिम शेष में पाए गए अन्तर बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा उक्त अन्तर से सम्बन्धित समाधान विवरणी तैयार करके लेखा परीक्षा में प्रस्तुत की जाए तथा भविष्य में नियमानुसार माहवार बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाए|

**(ग) निवेश:-**

मण्डी समिति सोलन द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.2019 को सावधि जमा योजना में **₹25,16,72,839/-** की निवेशित थी जिसका विस्तृत विवरण **{परिशिष्ट-"ग"}** में दिया गया है| मण्डी समिति द्वारा दिनांक 31.03.2019 को विभिन्न बैंकों में सावधि जमा निवेश तथा 22 बचत/चालू बैंक खाते कोआपरेटिव, राष्ट्रीयकृत तथा अधिकतर निजी बैंकों में खोल रखे थे| अतः यह सुझाव दिया जाता है की भविष्य में मण्डी समिति की सरप्लस निधि का निवेश हिमाचल प्रदेश सरकार वित् विभाग के पत्र संख्यां फिन-आई०एफ०(ए)1-66/91-V, फाइनेंस डिपार्टमेंट (आई०ऍफ़) शिमला-171002 दिनांक 17.04.2014 में दिए गए निर्देशानुसार ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए| इस प्रकार की अनियमितता बारे गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्यां-4(ग) द्वारा भी सरप्लस निधि को निवेश करने बारे सुझाव दिया गया था परन्तु मण्डी समिति द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई ।

(i) सावधि जमा की परिपक्कता राशि को बचत खातों में देरी से जमा (Credit) करने के कारण ₹1.12 लाख के ब्याज की हानि:-

सावधि जमा से सम्बन्धित अभिलेख की जांच में पाया गया की विभिन्न बैंकों द्वारा सावधि जमा की परिपक्कता राशि को मण्डी समिति के बचत खातों में देरी से जमा (Credit) दिया गया था जिस कारण मण्डी समिति को निम्नतालिका में दिए गए विवरणानुसार ब्याज के रूप में लगभग ₹111993/- की हानि हुई जिस बारे जांच करके स्थिति स्पष्ट की जाए तथा उक्त राशि बारे सम्बंधित बैंक से समाधान किया जाए साथ ही अंकेक्षण को अवगत अवगत करना सुनिश्चित किया जाए|

| Amount of Invest-ment | Rate of Intt. (%) | Amount of Maturity given/ credited | Date of maturity of FDR | Date of credit in SB | Delay in credit days | Amount of maturity to be given up to date of credit | Intt. Loss due to late credit |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** | **(6)** | **(7)** | **(8) {7-3}** |
| **Name of Bank:-PNB, Solan** | | | | | | | |
| 8500000 | 6.60 | 9075038 | 31.03.19 | 06.04.19 | 6 days | 9084260 | 9223 |
| 8500000 | 6.60 | 9075038 | 31.03.19 | 06.04.19 | 6 days | 9084260 | 9223 |
| 6996586 | 6.60 | 7469916 | 28.03.19 | 06.04.19 | 6 days | 7477507 | 7591 |
| **Note:-Maturity amount credited in SB A/C No 04332010000162 on 06.04.19 i.e. 6 days late** | | | | | | | |
| **Name of Bank:-HDFC Bank, Parwanoo** | | | | | | | |
| 19500000 | 6.75 | 19842586 | 31.03.19 | 05.04.19 | 5 days | 19860617 | 18031 |
| **Note:-Maturity amount credited in SB A/C No:50100052901831 on 05.04.19 i.e. 5 days late** | | | | | | | |
| **Name of Bank:-State Bank of India, Solan** | | | | | | | |
| 5000000 | 6.25 | 5150404 | 28.03.19 | 04.04.19 | 7 days | 5156749 | 6345 |
| 5000000 | 6.25 | 5150404 | 28.03.19 | 04.04.19 | 7 days | 5156749 | 6345 |
| 3596006 | 6.25 | 3704723 | 28.03.19 | 04.04.19 | 7 days | 3705661 | 938 |
| 10837238 | 6.75 | 11599541 | 27.03.19 | 04.04.19 | 8 days | 11603510 | 3969 |
| **Note:-Maturity amount credited in SB A/C No:65292121063 7-8 days late from their maturity date** | | | | | | | |
| **Name of Bank:-UCO, Solan** | | | | | | | |
| 5182245 | 6.75 | 5544047 | 20.08.18 | 05.09.18 | 16 day | 5550890 | 6843 |
| **Note:-Maturity amount credited in SB A/C No:-23300110022078 on 05.09.2018 i.e. 16 days late** | | | | | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Name of Bank:-Baghat Bank Parwanoo** | | | | | | | |
| 774605 | 7.25 | 823449 | 28.03.19 | 12.04.19 | 15 day | 824152 | 704 |
| 321317 | 7.25 | 341578 | 28.03.19 | 12.04.19 | 15 day | 341869 | 291 |
| 1221681 | 7.25 | 1298717 | 28.03.19 | 12.04.19 | 15 day | 1299827 | 1110 |
| 1135013 | 7.25 | 1206584 | 28.03.19 | 12.04.19 | 15 day | 1207615 | 1031 |
| **Note:-Maturity amount credited in SB A/C No:-10700648021 on 12.04.2019 i.e. 15 days late** | | | | | | | |
| **Name of Bank:-JCC Nalagarh** | | | | | | | |
| 2533318 | 6.00 | 2688771 | 17.02.19 | 07.03.19 | 18 day | 2696267 | 7496 |
| **Note:-interest loss due to renewal of FDR after 18 days late from its maturity date** | | | | | | | |
| **Name of Bank:-JCC Bank Solan** | | | | | | | |
| 2104911 | 6.00 | 2160965 | 27.03.18 | 03.04.18 | 7 days | 2163387 | 2422 |
| 9038465 | 6.00 | 9292533 | 27.03.18 | 03.04.18 | 7 days | 9302933 | 10400 |
| 8000000 | 6.00 | 8224877 | 27.03.18 | 03.04.18 | 7 days | 8234082 | 9205 |
| 3557664 | 6.00 | 3648896 | 27.03.18 | 03.04.18 | 7 days | 3652989 | 4094 |
| 3947764 | 6.00 | 4050298 | 27.03.18 | 03.04.18 | 7 days | 4054958 | 4660 |
| 1612534 | 6.70 | 1723319 | 23.11.18 | 30.11.18 | 7 days | 1725391 | 2072 |
| **Note:-Interest loss due to non renewal of FDRs with effect from their maturity dates** | | | | | | | |
| **Grant Total:-** | | | | | | | **111993/-** |

(ii) सावधि जमा की परिपक्वता ₹1.10 लाख कम प्रदान करना:-

सावधि जमा से सम्बन्धित अभिलेख की जांच में पाया गया की निम्न तालिका में दर्शायी गई सावधि जमा की परिपक्वता राशि ₹1,10,681/- कम प्रदान की गई है जिस बारे जाँच करके स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा कम प्रदान की गई राशि को सम्बन्धित बैंक से प्राप्त करके मण्डी समिति कोष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए|

| FDR Reg. page No. | Date of Invest-ment | Amount Invested | Rate of Intt. (%) | Period of Inves-tment | Amount received on maturity | Amount of maturity should have been | Less lealisa-tion/Intt. Loss on maturity |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) {7-6} |
| **Name of Bank:-JCC bank Parwanoo** | | | | | | | |
| 6 | 24.11.17 | 6450137 | 6.70 | 24.11.18 | 6881370 | 6893276 | 11906/- |
| | 24.11.18 | 6881370 | 6.50 | 31.03.19 | 7025030 | 7037002/- | 11972/- |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 22.11.18 | 14883938 | 6.50 | 31.03.19 | 15199559 | 15225861 | 26302/- |
| 15 | 12.04.18 | 8500000 | 6.50 | 31.03.19 | 9045063 | 9048241 | 3178/- |
| 15(A) | 12.04.18 | 8500000 | 6.50 | 31.03.19 | 9045063 | 9048241 | 3178/- |
| 16 | 12.04.18 | 8500000 | 6.50 | 31.03.19 | 9045063 | 9048241 | 3178/- |
| 16A() | 12.04.18 | 8500000 | 6.50 | 31.03.19 | 9045063 | 9048241 | 3178/- |
| 17 | 12.04.18 | 8500000 | 6.50 | 31.03.19 | 9045063 | 9048241 | 3178/- |
| 17(A) | 12.04.18 | 8500000 | 6.50 | 31.03.19 | 9045063 | 9048241 | 3178/- |
| 18 | 12.04.18 | 8656641 | 6.50 | 31.03.19 | 9211749 | 9214985 | 3236/- |
| **(A)** | **Total:-** | | | | | | **72484/-** |
| **Name of Bank:-JCC Bank, Nalagarh** | | | | | | | |
| 8 | 22.11.18 | 4464167 | 6.50 | 31.03.19 | 4558832 | 4566721 | 7889/- |
| **(B)** | **Total:-** | | | | | | **7889/-** |
| **Name of Bank:-JCC Bank, Solan** | | | | | | | |
| 86 | 03.04.18 | 4050298 | 6.50 | 27.03.19 | 4313567 | 4315323 | 1756/- |
| 76 | 03.04.18 | 9292533 | 6.50 | 27.03.19 | 9896548 | 9900575 | 4027/- |
| 75 | 03.04.18 | 2160965 | 6.50 | 27.03.19 | 2301428 | 2302364 | 936/- |
| 76/33 | 03.04.18 | 8224877 | 6.50 | 27.03.19 | 8759494 | 8763059 | 3565/- |
| 76/34 | 03.04.18 | 3648896 | 6.50 | 27.03.19 | 3886074 | 3887656 | 1582/- |
| **(C)** | **Total:-** | | | | | | **11866/-** |
| **Name of bank:- UCO Bank Solan** | | | | | | | |
| 93 | 20.08.17 | 5182245 | 6.75 | 20.08.18 | 5535554 | 5541001 | 5447/- |
| **(D)** | **Total:-** | | | | | | **5447/-** |
| **Name of bank:- Baghat Bank, Parwanoo** | | | | | | | |
| 87 | 19.04.17 | 1133875 | 7.25 | 14.05.18 | 1221681 | 1224393 | 2712/- |
| | 14.05.18 | 1221681 | 7.25 | 28.03.19 | 1298717 | 1300845 | 2128/- |
| 78 | 14.05.18 | 1135013 | 7.25 | 28.03.19 | 1206584 | 1208562 | 1978/- |
| 69 | 19.04.17 | 718935 | 7.25 | 14.05.18 | 774605 | 776481 | 1876/- |
| 69 | 14.05.18 | 774605 | 7.25 | 28.03.19 | 823449 | 824800 | 1351/- |
| **(E)** | **Total:-** | | | | | | **10045/-** |
| **Name of bank:- AU Finance Bank, Solan** | | | | | | | |
| 22 | 30.06.18 | 6000000 | 7.00 | 20.03.19 | 6307734 | 6308333 | 599/- |
| **(F)** | **Total:-** | | | | | | **599/-** |
| **Name of bank:- HDFC Bank Parwanoo** | | | | | | | |
| 23 | 03.04.18 | 10000000 | 7.00 | 03.03.19 | 10655948 | 10657477 | 1529/- |
| **(G)** | **Total:-** | | | | | | **1529/-** |

| Name of bank:- SBI Solan | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | 04.10.18 | 5000000 | 6.25 | 28.03.19 | 5150756 | 5151167 | 411/- |
| 29 | 04.10.18 | 5000000 | 6.25 | 28.03.19 | 5150756 | 5151167 | 411/- |
| **(H)** | | | | **Total:-** | | | **822/-** |
| **Grand Total:-{A+B+C+D+E+F+G+H}** | | | | | | | **110681/-** |

**(iii) अकुशल वितीय प्रबन्धन के कारण मण्डी समिति को ब्याज के रूप में ₹4.99 लाख की हानि:-**

सावधि जमा से सम्बन्धित अभिलेख की जांच में पाया गया की मण्डी समिति द्वारा दिनांक 29.11.17 को HDFC Bank, Parwanoo में FDR No. 50300173042590 में एक वर्ष की अवधि के लिए **4.90%** ब्याज दर पर **₹1,86,65,243/-** का निवेश किया गया था जबकि उक्त अवधि में PNB/JCC, Bank क्रमशः **6.60/6.70%** की ब्याज दर प्रदान कर रही थी जोकि HDFC Bank द्वारा प्रदान की गई ब्याज दर से **1.80%** अधिक थी| उपरोक्त राशि को असुनियोजित ढंग से निजी बैंक में कम ब्याज दर पर निवेश करने के कारण मण्डी समिति को ब्याज के रूप में **₹3,38,249/- {1.80% on 1,86,65,243/- for one year}** की हानि हुई है|

उपरोक्त सावधि जमा की परिपक्कता राशि **₹1,95,96,774/-** को PNB/JCC, Bank में क्रमशः **6.75/6.50%** ब्याज दर पर निवेश न करके दिनांक 29.11.2018 को **4.90%** की दर से एक वर्ष की अवधि के लिए पुनः HDFC Bank में निवेश कर दिया गया था जिसे दिनांक 26.12.2018 को **27 दिनों** की अवधि के बाद pre-mature करवाकर 26.12.2018 से 31.03.2019 तक 94 दिनों की अवधि के लिए 6.75% ब्याज दर पर निवेश किया गया| उपरोक्त सावधि जमा को दिनांक 26.12.2018 को pre-mature करवाने पर HDFC Bank द्वारा **3.25%** की दर से कुल **₹47,113/-** की ब्याज राशि प्रदान की गई | अतः अकुशल वितीय प्रबन्धन के कारण उक्त राशि को सुविनियोजित ढंग से निवेश न करने के कारण मण्डी समिति कोष को **3.50%** {6.75%-3.25%} ब्याज की दर से लगभग **₹50,736/-** {3.50% on **1,95,96,774/- for 27days}** की हानि हुई है|

इसी प्रकार दिनांक 27.01201.8 को **₹2,09,92,715/-** की राशि PNB, Solan की में **4.25%** ब्याज दर पर 212 दिनों 27.01.2018 से 27.08.2018 के लिए सावधि जमा में निवेश की गई जिसकी परिपक्कता पर दिनांक 27.08.2018 को बैंक द्वारा 5.35% ब्याज दर से {₹6,61,148/}

परिपक्कता प्रदान की गई | उपरोक्त तिथि से 2 दिन पश्चात दिनांक 29.01.2018 को PNB की पड़ग शाखा में निवेशित **₹56,19,565/-** की राशी पर बैंक द्वारा **6.25%** की दर से ब्याज देकर परिपक्कता प्रदान की गई जोकि PNB, The Mall, Solan द्वारा प्रदान की गई ब्याज दर से **0.90%**(6.25-5.35%} अधिक था| इस प्रकार मण्डी समिति की निधि को सुविनियोजित ढंग से निवेश न करने के कारण मण्डी समिति को **₹1,10,171/- {0.90% on 2,09,92,715/-** for 212 days} की ब्याज से प्राप्त हो सकने वाली आय की हानि हुई है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये|

उपरोक्त से यह प्रतीत होता है की मण्डी समिति द्वारा सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अवेहलना करते हुए मण्डी समिति की निधि को निजी संस्था में अधिक जोखिम तथा कम ब्याज दरों पर निवेश करके एक निजी संस्था को लाभ तथा मण्डी समिति कोष को हानि पहुंचाई गई है | अतः मण्डी समिति की निधि सरकारी निर्देशों की अवहेलना करके कम ब्याज पर निवेश करने बारे तथ्यों सहित स्थति स्पष्ट की जाए साथ ही मण्डी समिति ब्याज के रूप में प्राप्त हो सकने वाली **₹4,99,156/-**{3,38,249+50736+110171} की आय की उचित स्त्रोत से वसूली करके मण्डी समिति कोष में जमा करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

**(iv) सावधि जमा से सम्बन्धित दस्तावेज/Documentary Proof प्रस्तुत न करना:-**

अंकेक्षण के दौरान सावधि जमा से सम्बन्धित Documentary Proof/copies of FDRs सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं की गई जिसकी अनुपस्थिति में FDR Register में सावधि जमा से सम्बन्धित दर्ज की गई आवश्यक सूचना, जैसे सावधि जमा में निवेश की गई राशि, निवेश की तिथि, सावधि जमा की अवधि, उक्तनिवेश पर बैंक द्वारा दी गई ब्याज दर तथा उसकी परिपक्कता राशि इत्यादि बारे अभिलेख के साथ सत्यापन/मिलान नहीं किया सका | अतः उक्त अभिलेख को अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करने बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए समस्त अभिलेख को अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए|

**(v) सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अवहेलना करते हुए मण्डी समिति की निधि की ₹13.60 करोड़ की राशि को निजी बैंकों में निवेश करना:-**

लेखों की जांच में पाया गया की मण्डी समिति द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान अपनी अधिकाँश निधि को निजी बैंकों के बचत खातों/सावधि जमा में निवेश किया गया था तथा दिनांक

31.03.2019 को निम्नतालिकानुसार ₹9,48,57,191/- की राशि  निजी बैंकों के बचत खातों में तथा ₹4,10,83,795/- की राशि सावधि जमा में निवेश की गई थी जोकि सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना है तथा जिस बारे वर्ष 2017-18 के अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्यां 4(ग)(vii) में आपति दर्ज की गई थी जिस पर अभी तक कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है| अतः राशि को राज्य सहकारी बैंकों व् राष्ट्रीयकृत बैंकों में निवेश करने के बजाय निजी बैंकों में निवेश करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा भविष्य में सरकारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए निजी बैंकों में निवेश की गई राशि को राज्य सहकारी बैंकों/राष्ट्रीयकृत बैंकों में स्थानांतरित करना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए|

| **Sr. No** | **Name of Bank** | **Saving/current Account number** | **Balance as on 31.03.19** | **Amount in FDR,s as on 31.03.19** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Axis Bank Solan | 910010018216090 | 2,859.77 | ------ |
| 2. | Axis Bank, Parwanoo | 917010048001702 | 84,14,200/- | ------ |
| 3. | Baghat Bank | 10700505036 | 92,89,554/- | 2,74,76,965/- |
| 4. | Baghat Bank | 10700648021 | 44,33,184/- | 2,78,614/- |
| 5. | HDFC, Solan | 50100273471625 | 63,10,718/- | ------ |
| 6. | Yes Bank, Solan | 02239460000044 | 3,03,641/- | 1,17,54,296/- |
| 7. | HDFC, Parwanoo | 50100052901831 | 4,81,33,735/- | 15,73,920/- |
| 8. | Indusind Bank Solan | 100052638809 | 64,08,782/- | ------ |
| 9. | A.U. Bank Solan | 1781238612276616 | 76,95,699/- | ------ |
| 10 | ICICI, Bank Solan **CA** | 050405000649 | 14,59,564.75 | ------ |
| 11 | ICICI, Bank Parwanu | 373601000318 | 23,35,157/- | ------ |
| 12 | HDFC Bank, Solan | 50100248132472 | 70,097/- | ------ |
| **Total:-** | | | **9,48,57,191/-** | **4,10,83,795/-** |
| | | | **13,59,40,986/-** | |

**(vi) बचत खातों में सरप्लस पड़ी राशि को सुविनियोजित ढंग से निवेश न करने के कारण हो रही ब्याज निरन्तर हानि:-**

लेखों की जांच में पाया गया की अंकेक्षण अवधि के दौरान मण्डी समिति के विभिन्न बचत बैंक खातों में निम्नतालिकानुसार लगभग **9 करोड़ रुपये** की राशि  **3 से 3.5%** ब्याज दर पर बिना किसी

उपयोग के शेष पड़ी थी| यदि मण्डी समिति की आवश्यकता को देखते हुए उक्त राशि को सुविनियोजित ढंग से निवेश किया जाता तो उक्त राशि पर बचत खाते पर प्राप्त ब्याज से 3.00% अधिक ब्याज दर पर सावधि जमा में निवेश करके मण्डी समिति कोष को ब्याज के रूप में 15-20 **लाख** रु की अतिरिक्त आय का सृजन किया जा सकता था जिस बारे कोई प्रयास नहीं किया गया| अतः **₹9 करोड़** की राशि को सुविनियोजित ढंग से निवेश न करके उसे बचत/चालू बैंक खातों में रखने से मण्डी समिति कोष को ब्याज के रूप में प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय की जो हानि हुई है उस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा भविष्य में सरप्लस पड़ी निधि को सुविनियोजित ढंग से निवेश करके मण्डी समिति को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय को अर्जित करना सुनिश्चित किया जाए|

| **Name of bank** | **Account Number** | **SB A/C Balance as per pass book** | **Remarks** |
|---|---|---|---|
| Axis Bank | 917010048001702 | 79,13,612/- | No withdrawal Only deposit entries |
| Baghat bank | 10700505036 | 92,89,554/- | Only Interest and FDR,s entries |
| HDFC, Solan | 50100273417625 | 63,14,947/- | Only interest entries |
| HDFC, Bank | 50100052901831 | 2,77,95,076/- | Maximum deposit entries |
| Indusind Bank | 100052638809 | 61,96,493/- | ------do------ |
| A U Bank Solan | 1781238612276616 | 76,95,699/- | No withdrawal Only interest entries |
| Bank of Baroda | 531901000902 | 2,29,97,232/- | No withdrawal Only deposit entries |
| UCO bank | 2330011022076 | 15,70,267/- | ------do------ |
| ICICI Bank | 373601000318 | 22,47,638/- | ------do------ |
| ICICI Bank **CA** | 50405000649 | 13,99,798/- | ------do------ |
| | | **9,34,20,316** | |

**(vii). अत्यधिक राशी को चालू खाते में रखने के कारण मण्डी समिति कोष को ब्याज के रूप में हो रही निरन्तर हानि बारे:-**

वार्षिक लेखों की जांच में पाया गया की मण्डी समिति द्वारा ICICI बैंक में रख-रखाव किये जा रहे चालू खाता संख्यां 50405000649 में दिनांक 01.04.2018 को ₹10,94,111/- की राशी शेष थी, उक्त खाते में वर्ष के दौरान लगभग ₹1305000/- की राशी जमा की गई तथा दिनांक 29.12.2018 को ₹10,00,000/- की राशी बैंक ऑफ़ बड़ोदा में स्थानांतरित करने उपरान्त उक्त खाते में दिनांक 31.03.2019 को **₹13,99,799/-** की राशी शेष थी| उपरोक्त राशी को चालू खाते में रखने के कारण वर्ष के दौरान मण्डी समिति को ब्याज के रूप में आय प्राप्त नहीं हो सकी | यदि उक्त राशि को चालू खाते में रखने के बजाय राज्य सहकारी बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक के बचत खाते/सावधि जमा में निवेश किया जाता तो उक्त राशी पर वर्ष के दौरान **₹40000 से ₹60000/-** के ब्याज की आय का सृजन किया जा सकता था जिसे उपरोक्त अनुसार रखकर मण्डी समिति कोष के लिए अतिरिक्त आय के सृजन करने का प्रयास नहीं किया गया है | अतः उपरोक्त से यह प्रतीत होता है कि मण्डी समिति के निधि का रख-रखाव करते समय संस्था के हित को ध्यान में न रखकर निजी संस्था को लाभ पहुँचाने का प्रयास किया गया है जोकि न्यायोचित नहीं है | अतः निजी बैंक में चालू खाते का रख-रखाव करने बारे स्थति स्पष्ट करते हुए उक्त खाते में अत्यधित राशी रखने के कारण मण्डी समिति कोष को ब्याज के रूप में जो हानि हुई है उसकी गणना करके उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित किया जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये|

**(vii). बिना लेनदेन के बचत बैंक खातों का रख-रखाव करना:-**

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान मण्डी समिति द्वारा 22 बचत बैंक/चालू खातों का अनुरक्षण किया जा रहा था जिन में से निम्न तालिका में दर्शाए गए बचत बैंक खातों का पिछले कई वर्षों से बिना किसी लेनदेन के अनुरक्षण किया जा रहा है जिस बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा इन/इस प्रकार निष्क्रिय पड़े सभी बैंक खातों को तुरन्त प्रभाव से बन्द करना सुनिश्चित किया जाए|

| Name of bank | Account Number | Remarks |
|---|---|---|
| JCC Nalagarh | 101334001005943 | Only Intt./ FDR amount credited on 31.03.19 |

| | | |
|---|---|---|
| OBC Bank Solan | 02572010000580 | Only Intt. credited |
| Allahbad bank Solan | 50177294961 | ------do------ |
| Axis Bank Solan | 910010018216090 | ------do------ |

(viii). रोकड़ बही व् खाता बही की जांच में पाया गया की इनमे दर्ज बहुत सारी प्रविष्टियों को Correcting Fluid लगाकर Overwriting करके बदला गया था तथा काट-पीट करके बदली गई प्रविष्टियों को सक्षम प्राधिकारी/आहरण एवं वितरण अधिकारी से सत्यापित भी नहीं करवाया गया था जोकि अनियमित है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस प्रकार बदली गई समस्त प्रविष्टियों को सक्षम प्राधिकारी से सत्यापित करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए|

**(घ). बचत बैंक खातों व् सावधि जमा के 31.03.2019 को अन्तिम शेष बारे चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना तथा मण्डी समिति द्वारा सूचना में ₹502.57 लाख के भारी अन्तर बारे:-**

मण्डी समिति के वार्षिक लेखों के अंकेक्षण में पाया गया की चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा मण्डी समिति के वर्ष 2018-19 के लेखों की ऑडिट रिपोर्ट **{परिशिष्ट- "ज"}** के साथ संलग्न अनुसूची **"Cash and bank Balances"** के क्रमांक 6 के अनुसार मण्डी समिति के विभिन्न बचत बैंक खातों में **₹17,79,29,571.39** तथा सावधि जमा में **₹25,07,02,735/-** कुल **₹42,86,32,306.39** की राशी शेष दर्शाई गई है जबकि उक्त बारे मण्डी समिति द्वारा तैयार की गई सूचना के अनुसार बचत बैंक खातों में **₹12,67,02,337.52** तथा सावधि जमा में **₹25,16,72,839/- कुल ₹37,83,75,176.52** शेष दर्शाई गई है | इस प्रकार दोनों विवरणियों के अनुसार मण्डी समिति के बचत बैंक खातों तथा सावधि जमा के अन्तिम शेष में निम्नतलिकानुसार **{42,86,32,306.39-37,83,75,176.52} ₹5,02,57,129/-** का अन्तर पाया गया जिस बारे जाँच करके स्थिति स्पष्ट की जाये तथा अन्तर के कारणों से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाये|

| Sr. No. | Name of Banks | Balance shown as on 31.03.2019 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Balance as per annexure attached with Receipt & Payment A/C Submitted by APMC** | **Balance as per annexure attached with audit report submitted by Chartered Accountant** | **Difference in balances shown as per statements of accounts submitted as per Column No. 3 & 4 of this table** |
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5) {3-4}** |
| **(A)** | **FDR''s:-** | | | |
| (i) | SBI, Solan | ---Nil--- | 79,94,393/- | (-)79,94,393/- |
| (ii) | HDFC, Parwanoo | 15,73,920/- | 1,05,73,921/- | (-)90,00,001/- |
| (iii) | JCC, Parwanoo | 8,54,36,338/- | 5,40,35,267/- | (+)3,14,01,071/- |
| (iv) | PNB, bye Pass Solan | 3,82,09,105/- | 6,52,09,105/- | (-)2,70,00,000/- |
| (v) | PNB, Parag | 59,20,386/- | 59,20,386/- | ---Nil--- |
| (vi) | JCC bank, Solan | 5,13,34,444/- | 4,95,19,775/- | (+)18,14,669/- |
| (vii) | Bank of Baroda | 2,70,00,000/- | 2,70,00,000/- | ---Nil--- |
| (viii) | JCC, Nalagarh | 26,88,771/- | 27,03,052/- | (-)14,281/- |
| (ix) | UCO bank Bye Pass Solan | ------ | ------ | ------ |
| (x) | Baghat bank Chambaghat | 2,74,76,965/- | 2,74,76,965/- | ---Nil--- |
| (xi) | Baghat Bank, Parwanoo | 2,78,614/- | 2,69,871/- | (+)8,743/- |
| (xii) | Yes Bank Solan | 1,17,54,296/- | **------** | (+)1,17,54,296/- |
| | **Total:-** | **25,16,72,839/-** | **25,07,02,735/-** | **(+)9,70,104/-** |
| **(B)** | **Saving bank Accounts:-** | | | |
| (i) | Axis Bank Solan | 2,859/77 | 2,810/77 | (+)49/- |
| (ii) | Axis Bank Parwanoo | 84,14,200/- | 54,30,926.33 | (+)29,83,273.67 |
| (iii) | Baghat bank Chambaghat | 92,89,554/- | 92,89,654/- | (-)100/- |
| (iv) | Baghat Bank Parwanoo | 44,33,184/- | 44,33,154.04 | (+)30/- |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (v) | JCC Bank, Nalagarh | 45,90,922/- | 45,91,239/- | (-)317/- |
| (vi) | JCC Bank, Parwanoo | 43,77,950/- | 3,57,33,236.71 | (-)3,13,55,286.71 |
| (vii) | JCC Bank, Solan | 6,60,467.86 | 16,96,975.86 | (-)10,36,508/- |
| (viii) | OBC, Solan | 7,831.14 | 7,694.14 | (+)137/- |
| (ix) | PNB Bye Pass Solan | 1,02,66,024/- | 85,27,982.24 | (+)17,38,041.76 |
| (x) | HDFC, Solan | 63,10,718/- | 88,02,353/- | (-)24,91,635/- |
| (xi) | HDFC, Solan | 77,097/- | ------ | (+)77,097/- |
| (xii) | HDFC, Parwanoo | 4,81,33,735/- | 3,95,17,865.87 | (+)86,15,869.13 |
| (xiii) | Allahbad bank, Nalagarh | 1,470/- | 1,457/- | (+)13/- |
| (xiv) | SBI, Bank Solan | 5,95,589/- | 1,81,85,929/- | (-)1,75,90,340/- |
| (xv) | Yes bank Solan | 3,03,641/- | 1,21,64,588.33 | (-)1,18,60,947.33 |
| (xvi) | Indusind Bank Solan | 64,08,782/- | 64,69,018/- | (-)60,236/- |
| (xvii) | A U Bank Solan | 76,96,599/- | 76,90,790/- | (+)5,809/- |
| (xviii) | Bank of Baroda, Rabon | 59,20,221/- | 60,10,071/- | (-)89,850/- |
| (xix) | UCO bank Solan | 42,32,594/- | 42,87,554/- | (-)54,960/- |
| (xx) | Bank of Maharashtra Solan | 11,84,177/- | 11,99,727/- | (-)15,550/- |
| (xxi) | ICICI Bank, Parwanoo | 23,35,157/- | 23,25,935/- | (+)9,222/- |
| (xxii) | ICICI Bank Solan **{CA}** | 14,59,564.75 | 15,60,610/- | (-)1,01,045.25 |
| | **Total:-** | **12,67,02,337.52** | **17,79,29,571.39** | **(-)51227236.73** |
| **(C)** | **Grand Total:- {A+B}** | **37,83,75,176.52** | **42,86,32,306.39** | **(-)5,02,57,129.87** |

5 **टर्मिनल मण्डी परवाणु में पट्टे पर आबंटित दुकानों से सम्बन्धित अभिलेख में पाई गई अनियमितताओं बारे:-**

**(i). लीज रेन्ट की ₹9.26 लाख रुपये की वसूली न करना:-**

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना **{परिशिष्ट-"ड०"}** के अनुसार दिनांक 31.03.2019 को Lease Rent की ₹9,26,600/- की राशि वसूली हेतु शेष दर्शायी गयी थी | लीज रेन्ट अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार पांच वर्ष के पश्चात् लीज प्रीमियम की राशि में 10% की वृद्धि किया जाना अपेक्षित था परन्तु लीज रेन्ट रजिस्टर की जांच में पाया गया की निम्न तालिका में दर्शायी गयी दुकानों के प्रीमियम में अनुबन्ध अनुसार वृद्धि नहीं की गयी थी | जिस बारे जाँच करके स्थिति स्पष्ट की जाये तथा अभिलेख को तदनुसार ठीक करना सुनिश्चित किया जाये|

(ii). Lease Rent की वसूली से सम्बन्धित रसीदें अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं की गयी जिनकी अनुपस्थिति में वर्ष के दौरान प्राप्त की गई राशि तथा दिनांक 31.03.2019 को वसूली हेतु शेष की सत्यता बारे पुष्टि नहीं की जा सकी|

(iii). निम्नतालिका में दर्शाई गई **₹92,417/-** के लीज रेन्ट से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके अभाव में वसूली हेतु दर्शाई गई शेष राशि की सत्यता बारे जाँच/पुष्टि नहीं की जा सकी|

| Sr. | Lease Holder | Shop No. | Premium due | Service Charges | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M/S Fagu Ram Jiwa Ram | 21 | Nil | Nil | Nil |
| 2 | M/S Laxmi Singh Shimla | 22 | 7961/- | 1758/- | 9719/- |
| 3 | M/S Subhash Chand Khanna | 23 | 5721/- | 1225/- | 6946/- |
| 4 | M/S Inder lal Gian chand | 25 | 4525/- | 1004/- | 5529/- |
| 5 | M/S Satluj Velley Traders | 28 | 18607/- | 5065/- | 23672/- |
| 6 | M/S Apple Grower Centre | 29 | 19231/- | 5064/- | 24295/- |
| 7 | M/S Sood Bros. Chandigarh | 39 | 16946/- | 5310/- | 22256/- |
| | | | **72991/-** | **19426/-** | **92417/-** |

(iv). लीज रेन्ट प्रीमियम पर लीज की तिथि **{वर्ष 2011}** से आज तक सर्विस चार्जेज की वसूली **₹22.25** प्रतिमाह **{₹267/- प्रति वर्ष }** की जा रही है, जबकि 01.07.2017 से GST Act के लागू हो जाने के पश्चात रेन्ट से प्राप्त होने वाली आय पर 18% वार्षिक दर से GST की वसूली की जानी

अपेक्षित थी परन्तु उक्त वसूली तदानुसार नहीं की जा रही है जोकि सम्बन्धित नियम की स्पष्ट अवहेलना है | अतः उक्त बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए लीज रेन्ट प्रीमियम पर दिनांक 01.07.2017 GST की प्रभावी दरों पर नियमानुसार वसूली करना सुनिश्चित किया जाये |

(v). श्री सतीश कुमार आहूजा shop No. 17 दुर्गा फ्रूट कम्पनी से पिछले कई वर्षों से **₹586315/-** लीज रेंट पर ब्याज की राशी वसूली हेतु शेष है, जिस बारे गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्यां **4(ड०)** पर भी आपत्ति दर्ज की गई थी परन्तु उक्त राशी की वसूली अभी तक भी नहीं की गई है जिस बारे तथ्यों सहित स्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त राशी की शीघ्र वसूली करना सुनिश्चित किया जाये|

(vi). लीज रेन्ट रजिस्टर की जाँच में पाया गया की उक्त अभिलेख को सक्षम प्राधिकारी/आहरण एवम् वितरण अधिकारी से सत्यापित नहीं करवाया गया जिसकी अनुपस्थिति में उक्त अभिलेख विश्वसनीय नहीं रह जाता | अतः लीज रेन्ट रजिस्टर को सक्षम प्राधिकारी से सत्यापित करवाना सुनिश्चित किया जाये|

6 **मण्डी समिति की दुकानों के किराये के अभिलेख से सम्बन्धित अनियमितता बारे:-**

**(क) दुकानों से किराये की ₹31.78 लाख की राशि की वसूली न करना:-**

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना **{परिशिष्ट-"च"}** के अनुसार निम्नतालिका में दर्शाई गए मार्किट यार्डों से दिनांक 31.03.2019 को रेन्ट की **₹31,78,208/-** की राशी वसूली हेतु शेष थी परन्तु उक्त से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे उक्त राशी की अंकेक्षण सम्बन्धित जांच नहीं की जा सकी | अतः अभिलेख को अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करने बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त राशी की शीघ्र वसूली करना सुनिश्चित किया जाये|

| **Name of Market Yard/ SMY/TM/Check Post** | **Amount of rent receivable as on 01.04.18** | **Amount of rent due during the year** | **Total amount due during the year** | **Rent received during the year** | **Amount of Rent due/ outstanding on 31.03.19** |
|---|---|---|---|---|---|
| TM, Parwanoo | 1859196/- | 5138957/- | 6998153/- | 4029967/- | 2968186/- |
| Chakki Ka Mor | 146545/- | 174054/- | 320599/- | 148032/- | 172567/- |
| SMY, Dharampur | (-)21766/- | 347861/- | 326095/- | 317786/- | 8309/- |
| SMY, Banalgi | 32032/- | 12114/- | 44146/- | 15000/- | 29146/- |
| **Total:-** | **20,16,007/-** | **56,72,986/-** | **76,88,993/-** | **45,10,785/-** | **31,78,208/-** |

**(ख) दुकानों के किराये की 31.03.2019 को शेष राशी की सूची प्रस्तुत न करना:-**

अंकेक्षण द्वारा बार-बार आग्रह करने के बावजूद भी मण्डी समिति द्वारा निम्नलालिका में दर्शाए गए मार्किट यार्डो में आबंटित दुकानों के किराये की 31.03.2019 की शेष राशि की सूचि प्रस्तुत नहीं की गई I अतः उक्त सूचना शीघ्र अति शीघ्र अंकेक्षण को प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए I

(i). मुख्य मण्डी सोलन व् सपरून

(ii). सब मार्किट यार्ड, नालागढ़

(iii). सब मार्किट यार्ड, रामशहर

(iv). सब मार्किट यार्ड, अर्की .

(v). सब मार्किट यार्ड, कुनिहार

(vi). सब मार्किट यार्ड, कंडाघाट

(vii) सब मार्किट यार्ड, वाकनाघाट

(viii). सब मार्किट यार्ड, राजगढ़

7 **मण्डी समिति द्वारा विभिन्न दुकानों/गोदामों की प्रतिभूति राशि का विवरण तथा उससे सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत न करना:-**

अंकेक्षण द्वारा बार-बार आग्रह करने के बावजूद भी मण्डी समिति द्वारा वर्ष 2018-19 में विभिन्न दुकानों/गोदामों की प्रतिभूति के रूप में बकाया राशी तथा उससे सम्बन्धित अभिलेख जाँच हेतु अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके कारण प्रतिभूति राशि की कुल देयता तथा सत्यता बारे जांच नहीं की जा सकी| उक्त बारे गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्यां 9 पर भी आपत्ति दर्ज की गई थी जिस बारे अभी तक अंकेक्षण को अवगत नहीं किया गया है | अतः उक्त सूचना को अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा उसे सम्बन्धित अभिलेख सहित आवश्यक जाँच हेतु अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये|

8 **अग्रिम:-**

**(क) ₹6.06 लाख की अग्रिम राशि का समायोजन न करना:-**

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई सूचना **{परिशिष्ट-"छ"}** के अनुसार दिनांक 31.03.2019 को मण्डी समिति के विभिन्न कर्मचारियों के नाम ₹606000/- की राशि पिछले कई वर्षों से असमायोजित चल

रही है जिससे यह प्रतीत होता है की मण्डी समिति द्वारा उक्त राशि के समायोजन बारे नियमानुसार कोई भी प्रयास नहीं किये जाये रहे हैं जोकि एक गम्भीर अनियमितता है| अतः उक्त बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए इन राशियों का शीघ्र समायोजन करवाना सुनिश्चित किया जाए|

**(ख) डिपोजिट वर्क्स के लिए जमा करवाए गए ₹509.50 लाख की राशि की सूची तथा उनके उपयोगिता प्रमाण-पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना:-**

अंकेक्षण द्वारा बार-2 आग्रह करने के बावजूद भी मण्डी समिति द्वारा डिपाजिट वर्क्स से लिए आहरित अग्रिम की असमायोजित राशि की सूची अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए| अंकेक्षण के पास उपलब्ध अभिलेख **(Monthly Progress Report)** के अनुसार दिनांक 31.03.2019 को निम्न विवरणानुसार **₹5,09,50,831/-** की राशि हिमाचल प्रदेश राज्य विपणन बोर्ड तथा अन्य विभागों के पास पिछले कई वर्षों से असमायोजित पड़ी है जिससे प्रतीत होता है कि उक्त राशि के समायोजन बारे कार्यालय स्तर पर कोई भी प्रयास नहीं किया गया है | अतः उक्त राशियों के **उपयोगिता/कार्य पूर्ण प्रमाण-पत्र** सम्बन्धित विभागों से शीघ्र प्राप्त करके लम्बे समय से असमायोजित चल रही इन राशियों का समायोजन करना सुनिश्चित किया जाए तथा इन राशियों के समर्थन में विपणन बोर्ड द्वारा जारी मिलान पत्र भी अंकेक्षण में प्रस्तुत किये जाएँ|

| **संस्थान जिसे राशि डिपोजिट वर्क के रूप में दी गई थी** | **असमायोजित राशि** |
|---|---|
| H P State Marketing Board, Khalini, Shimla | 4,55,84,486/- |
| Irrigation and Public Health Department | 3,57,700/- |
| H.P.S.E.B, Electrical Division, Parwanoo | 7,91,350/- |
| Executive Engineer HIMUDA, Parwanoo | 4,03,800/- |
| AE, Electrical, Sub-Division-III, Solan. | 2,65,020/- |
| AE, Electricity Department, Parwanoo. | 14,24,930/- |
| AE Electrical, Sub. Division HPSEB, Kandaghat | 7,66,400/- |
| AE Electrical, H.P.S.E.B, Ltd.- 1 Nalagarh | 13,57,145/- |
| **Grand Total** | **5,09,50,831/-** |

{अंकेक्षण अधियाचना संख्यां:19 दिनांक 23/02/2022 पैरा संख्यां 4 से 8 तक}

## 9 पूर्वकिंक्षण के लिए प्रस्तुत बिलों में से की गई ₹1.32 लाख की कटौतियां:-

मण्डी समिति सोलन द्वारा वर्ष 2018-19 के दौरान पूर्वकिंक्षण हेतु प्रस्तुत विभिन्न बिलों के अंकेक्षण के दौरान **₹1,32,028/-** कटौतियां की गई है| अंकेक्षण द्वारा की गई उक्त कटौतियों के अतिरिक्त विभिन्न बिलों को पारित करने से पूर्व उनमें पाई गई अनियमितताओं के बारे में मण्डी समिति को अवगत करवाकर आवश्यक सुधार करने के उपरान्त ही बिलों को अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत करने को कहा गया है जिससे लाखों रूपए के अपव्यय को रोककर मण्डी समिति को होने वाली वितीय हानि को रोका गया है| इसके अतिरिक्त अंकेक्षण द्वारा विभिन्न वितीय मामलों में मण्डी समिति के अधिकारियों व् कर्मचारियों का समय-2 पर सही मार्गदर्शन भी किया गया है|

## 10 मण्डी शुल्क की ₹0.42 लाख की कम वसूली करना:-

मण्डी शुल्क से प्राप्त आय की जाँच के दौरान पाया गया की विभिन्न कारोबारियों/कमीशन एजेंटों से निम्नतालिकानुसार **₹41,640/-** की मण्डी शुल्क की कम वसूली की गई जिसे अब उक्त कारोबारियों से हिमाचल प्रदेश कृषि एंव औद्यानिकी उपज विपणन (साधारण) नियम 2006 के नियम 37(8) के प्रावधानों के अनुसार जुर्माना राशि सहित वसूल करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

| **Date/Period of sale/purchase of agriculture produce** | **M/O form Number** | **Market fees to be realized** | **Market fees realized** | **Market fees less realized** |
|---|---|---|---|---|
| **Name of Commission Agent:-M/S DPC-47 Solan** | | | | |
| 20.08.2014 | 0048484 | 8320/- | ------ | 8320/- |
| 05.08.2016 | 370573 | 3259/- | ------ | 3259/- |
| | | | | **11579/-** |
| **Name of Commission Agent:-M/S SSC-52, Solan** | | | | |
| 01.06.2016 | 382036 | 22685/- | 10657/- | 12028/- |
| 01.08.2016 | 382035 | 13353/- | ------ | 13353/- |
| | | | | **25381/-** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Name of Commission Agent:-M/S Shimla Sirmour Fruit and Vegetable -30, Solan** | | | | |
| 31.08.16 to 01.09.16 | 367289 | 1775/- | 728/- | 1047/- |
| 16.08.2017 | 393210 | 15030/- | 13895/- | 1135/- |
| | | | | **2182/-** |
| **Name of Commission Agent:-M/S Maa Tikkar Fruit Coy, Solan (MTC)** | | | | |
| 09.08.2014 | 0025939 | 2000/- | 200/- | 1800/- |
| 19.08.2015 | 370608 | 155/- | 115/- | 40/- |
| 22.07.2016 | 370617 | 743/- | 693/- | 50/- |
| 14.08.2016 | 370624 | 450/- | 45/- | 405/- |
| 16.08.2016 | 370626 | 470/- | 441/- | 29/- |
| 30.08.2016 | 370632 | 859/- | 783/- | 76/- |
| 28.02.2017 | 370645 | 1976/- | 1926/- | 50/- |
| 11.09.2017 | 370665 | 659/- | 632/- | 27/- |
| 11.09.2017 | 370665 | 581/- | 560/- | 21/- |
| | | | | **2498/-** |
| **Total:-{11579+25381+2182+2498}** | | | | **41,640/-** |

(अधियाचना संख्यां: 13 दिनांक 11/02/2019 तथा 15 दिनांक 27/02/2019)

**11 मण्डी शुल्क की जाँच हेतु सम्बन्धित अभिलेख "Q" फार्म प्रस्तुत न करना:-**

मण्डी शुल्क से प्राप्त आय की जाँच के दौरान अंकेक्षण द्वारा लिखित व् मौखिक रूप से अनुरोध के बावजूद भी निम्न्तालिका में दर्शाए गए कमीशन एजेंटो द्वारा उनके सामने दर्शायी गई अवधि से से सम्बन्धित "Q" फार्म अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किये गए जिससे ऐसा प्रतीत होता है की इन कारोबारिओं द्वारा मण्डी समिति के नियमानुसार वांछित अभिलेख तैयार नहीं किये गए थे उक्त अभिलेख के आभाव में उक्त कारोबारिओं से देय/प्राप्त मण्डी शुल्क की सत्यता बारे जाँच नहीं की जा सकी अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा सम्बन्धित अभिलेख को अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए|

| Sr.No. | Name of firm | Period for which "Q" forms not submitted | Amount of Market fess realized |
|---|---|---|---|
| 1 | M/S Shimla Sirmour Fruit & Veg. Shop No-30 Solan | 02.11.2014 to 31.08.2017 | 16,51,777/- |
| 2 | M/S Maa Tikker Fruit Co.(MTC), Solan. | 25.07.2014 to 29.09.2017 | 6,27,109/- |

(अधियाचना संख्यां: 13 दिनांक 11/02/2019)

**12 मण्डी शुल्क की नियमानुसार समय पर वसूली न करने के कारण मण्डी समिति को हो रही वितीय हानि बारे:-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया की मण्डी समिति में मण्डी शुल्क की आय को देरी से जमा करवाया जा रहा है जोकि हिमाचल प्रदेश कृषि एंव औद्यानिकी उपज विपणन (साधारण) नियम 2006 के नियम 45(2) के प्रावधानों के अनुसार न होने के कारण अनियमित है जबकि उपरोक्त नियमों के प्रावधानों के अनुसार:-

"On the agricultural produce brought in the market area for the commercial transaction or for processing the market fee shall be deposited by the buyer or processor, as case may be, in the office of the market committee, within fourteen days but before the sale or resale or processing or export outside the market area of such agricultural produce."

परन्तु मण्डी समिति में मण्डी शुल्क उपरोक्त नियमानुसार जमा नहीं करवाया जा रहा है उक्त अनियमितता से सम्बन्धित कुछ उदाहरण परिशिष्ट- में दिए गए है अतः नियम 45(3) में प्रावधित प्रावधानों की अनुपालना न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए इस प्रकार के समस्त प्रकरणों में नियमानुसार कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में मण्डी शुल्क की वसूली करते समय उक्त नियमों के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना भी सुनिश्चित किया जाए |

| Period of sale/ purchase of agriculture produce | Market fees realized | Receipt No. and Date |
|---|---|---|
| **Name of Commission Agent: M/S Shimla Sirmour Fruit and Vegetable -30** | | |
| 21.05.15 to 20.06.15 | 1961/- | 0208844 dated 06.07.2015 |
| 01.07.15 to 14.07.15 | 9931/- | 0179002 dated 06.08.2015 |
| 01.08.15 to 10.08.15 | 154085/- | 0179096 dated 24.08.2015 |
| 01.09.15 to 15.09.15 | 103647/- | 0179277 dated 07.10.2015 |
| .01.10.15 to 18.10.15 | 52481/- | 0179923 dated 26.11.2015 |
| 01.06.16 to 15.07.16 | 19547/- | 0049612 dated 03.08.2016 |
| **Name of Commission Agent:-M/S Tikker Fruit Co. Solan** | | |
| 25.07.14 to 28.09.14 | 12160/- | 0168706 dated 10.11.2014 |
| 04.08.15 to 06.10.15 | 133657/- | 0195032 dated 13.07.2016 |
| **Name of Commission Agent:-M/S DPC-47 Solan** | | |
| 06.10.14 to 27.10.14 | 50746/- | 0168737 dated 17.11.2014 |
| 23.07.15 to 07.08.15 | 265607/- | 0179093 dated 22.08.2015 |
| 10.08.15 to 21.08.15 | 466310/- | 0179170 dated 08.09.2015 |
| 22.08.15 to 31.08.15 | 304258/- | 0179249 dated 26.09.2015 |
| 01.09.15 to 17.09.15 | 359147/- | 0179537 dated 19.10.2015 |

**(अधियाचना संख्यां: 13 दिनांक 11/02/2019 तथा 15 दिनांक 27/02/2019)**

**13 हिमाचल प्रदेश वितीय नियमों में निर्दिष्ट प्रावधानों की अवहेलना करके ₹0.24 लाख का अनियमित भुगतान:-**

अग्रिम बिल संख्यां 09 दिनांक 07.04.2018 ₹20000/- जोकि श्री अमर सिंह मण्डी पर्यवेक्षक नालागढ़ को गेंहू साफ़ करने की मशीनों की मुरम्मत करवाने हेतु दिया गया था तथा जिस कार्य हेतु ₹24040/- का व्यय करके उसका समायोजन बिल संख्या 48 दिनांक 25.04.2018 द्वारा पूर्वकिंक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया| उक्त समायोजन बिल के पूर्वकिंक्षण में निम्नलिखित त्रुटियाँ/अंकेक्षण आपत्तियां पाई गई थी जिनका अभी तक अंकेक्षण को स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया ;

